पटना विश्वविद्यालय

Patna University

Estd. 1917



Patna University In News (21.10.2022)

दैनिक भास्कर

तैयारी • कॉलेज और संकायवार भी इलेक्शन ऑफिसर नियुक्त

पीयू छात्र संघ का चुनाव शांति से कराने के लिए विभिन्न कमेटियों को सौंपा गया जिम्मा

एजुकेशन रिपोर्टर | पटना

पटना विश्वविद्यालय छात्र संघ चुनाव को शुरू से अंत तक संचालित करने के लिए अलग-अलग कमेटियों का गठन विवि के कुलपति प्रो गिरीश कुमार चौधरी ने किया है। चीफ इलेक्शन ऑफिसर प्रो खगेंद्र कुमार को बनाया गया है। ये पिछले छात्र संघ चुनाव में भी चीफ इलेक्शन ऑफिसर थे और छात्र संघ चुनाव के पिछले कई चुनावों में भी सक्रिय रूप से शामिल रहे हैं, इस वजह से इन्हें काफी अनुभव है। इसके अतिरिक्त विवि द्वारा बॉटनी के प्रो बीरेंद्र कुमार को एडवाइजर तथा मनोविज्ञान के प्रो मो. इफ्तेखार हुसैन व होमसाइंस की डॉ सुहेली मेहता को ऑब्जर्वर नियुक्ति किया गया है। इसके अतिरिक्त कॉलेज और संकायवार भी इलेक्शन ऑफिसर नियुक्त किए गए हैं। इसके अतिरिक्त कुछ कर्मियों को भी इन अधिकारियों के साथ चुनाव कार्यों में लगाया गया है। चुनाव के लिए अलग से ग्रिवांस सेल बनाया गया है, जिसके चेयरमैन स्टूडेंट्स वेलफेयर डीन डॉ अनिल कुमार को बनाया गया है।

आज तक वोटर लिस्ट में सुधार के लिए दे सकते हैं आवेदन : पटना विश्वविद्यालय का वोटर लिस्ट विवि के वेसबाइट पर अपलोड कर दिया गया है। शुक्रवार को वोटर लिस्ट में अगर किसी का नाम नहीं है या फिर वह उसमें कुछ सुधार कराना चाहते हैं तो इसके लिए छात्र अंतिम रूप से आवेदन दे सकते हैं।

छात्र संगठन कैंपस में प्रत्याशियों की कर रहे खोज : छात्र संगठनों ने दीपावली छठ पूजा की छुट्टी के पहले ही प्रत्याशियों की खोज शुरू कर दी है। नॉमिनेशन फॉर्म की बिक्री 3 नवंबर से होगी। 7 नवंबर से नॉमिनेशन होगा। इस वजह से छात्र संगठन कॉलेज कैंपस में हर क्लास में घूम-घूमकर प्रत्याशियों की खोज कर रहे हैं। उधर, जन अधिकार छात्र परिषद ने पटना विश्वविद्यालय छात्र संघ चुनाव को लेकर प्रदेश अध्यक्ष रोशन कुमार ने अपने नेतृत्व में पटना विवि के छात्रों की 41 सदस्यीय कैंपेनिंग कमेटी का गठन किया है।

छात्र संघ चुनाव कराने की जिम्मेदारी सौंपी गयी कमेटी को

पटना. पटना यूनिवर्सिटी ने 19 नवंबर को छात्र संघ चुनाव कराने के लिए कमेटी बनायी गयी है. इसकी जिम्मेदारी प्रो खगेंद्र कुमार को दी गयी है. उन्हें चीफ इलेक्शन ऑफिसर बनाया गया है. वहीं, प्रो परिमल कुमार खान, डॉ एसबी लाल, डॉ समीर कुमार शर्मा, डॉ मनोज कुमार सिन्हा, डॉ पुष्पलता कुमारी, डॉ दिलीप राम, डॉ सलीम जावेद, डॉ एमडी सैयद आलम, डॉ जीबी चांद, डॉ अखिलेश कुमार गुप्ता, डॉ कुमार सत्येंद्र यादव सदस्य बनाये गये हैं. कर्मचारियों में सुबोध कुमार, तहसीन अख्तर, सुजीत कुमार को जिम्मेदारी सौंपी गयी है. छात्र संघ चुनाव कंस्टीट्यूशन वाइज कराया जायेगा. चुनाव के दौरान 14 चुनाव क्षेत्र होंगे. इनमें 10 कॉलेज व चार फैकल्टी शामिल हैं. ओवरऑल चुनाव के लिए सीइओ प्रो खगेंद्र कुमार होंगे. एडवाइजर प्रो बीरेंद्र प्रसाद व ऑब्जर्वर प्रो एमडी इफ्तेकार हुसैन व डॉ सुलेही मेहता को बनाया गया है.

प्रभात खबर
Fri, 21 October 2022
https://epaper.prabhatkhabar.com/c/70613544